बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद

संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 7 दिनांक 18/3/2007

दिनांक 17.3.2007 को सम्पन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार
2. बैठक की अध्यक्षता श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग द्वारा की गई।
3. सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई ।
4. कार्यकारिणी समिति में मुख्यतः तीन बिन्दुओं पर विचार किया गया ।
   (i) बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों के वेतनमान में सुधार ।
   (ii) विभिन्न स्तर के पदों का चिन्हिकरण ।
   (iii) संवर्ग संरचना पर विचार ।
5. विभिन्न स्तर के पदों के चिन्हि–करण के संबंध में विस्तृत रूप से विचार–विमर्श किया गया एवं सदस्यों के भवना के अनुरूप नये पदों को चिन्हिकरण करने के लिये प्रस्ताव देने का निर्णय लिया गया ।
6. उपर्युक्त बिन्दुओं पर की गई "संघ" द्वारा कार्रवाई पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया एवं इस संबंध में सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग से मिलकर शीघ्र अग्रतर कार्रवाई हेतु अनुरोध करने का निर्णय लिया गया ।
7. कार्यकारिणी समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खाता संख्या–0130376 एवं खाता सं0–0130516 पंजाब नेशनल बैंक, बोरिंग रोड, पटना से 5,00,000/–रू0 (पॉच लाख) रूपये एवं 4,00,000/– (चार लाख) रूपये की निकासी कर यानि कुल 9,00,000/– (नौ लाख) रूपये की राशि सावधि जमा बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के नाम से कर दिया जाय । इस राशि की निकासी संघ के महासचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा की जायेगी । इसके संबंध में शखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, बोरिंग रोड, पटना को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित करने का निर्णय लिया गया । उक्त राशि को अगले दो वर्षो के लिये सावधि जमा किया जायेगा।
8. अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद सभा की कार्यवाही समाप्त की गई ।

18/3/07
(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

18/3/07
(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

ज्ञापांक – 7 पटना, दिनांक 18/3/07

प्रतिलिपि – वित्त आयुक्त, बिहार/ सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार/ शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, बोरिंग रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

18/3/07
(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव